हरिभूमि
# सरगुजा-भूमि
बिलासपुर, सोमवार 22 सितंबर 2025
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज



## खबर संक्षेप

### वाटरशेड ऑर्गनाइजेशन ट्रस्ट दूरस्थ गांवों में मनाया पोषण दिवस

**बिहारपुर।** वाटरशेड ऑर्गनाइजेशन ट्रस्ट क्षेत्र के 16 ग्रामों में पोषण दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिशुवती, गर्भवती महिलाओं और बालिकाओं को पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देने के साथ ही कुपोषण से बचाव के उपायों को बताया गया। विशेषज्ञों ने संतुलित आहार के बारे में बताया तथा हरी सब्जियां, दालें, अनाज और दूध जैसे पोषक तत्वों के नियमित सेवन की आवश्यकता बताई। प्रतिभागियों को टीकाकरण, स्तनपान और स्वच्छता के बारे में बताया।

### भीख मांगकर जीवन यापन करने वालों तक शिक्षक ने पहुंचकर स्वच्छता के लिए किया जागरूक



**बिश्रामपुर।** कलेक्टर एस.जयवर्धन के निर्देशानुसार जिले के सभी स्कूलों और शिक्षण संस्थानों में इन दिनों स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है,यह अभियान 17 से 30 सितंबर तक चलेगा, शनिवार को सामुदायिक पहुंच दिवस के अवसर पर संकुल कन्या बिश्रामपुर के जन शिक्षक गौरी शंकर पाण्डेय और शिक्षक सुमन कुमार रवि ने शहर के प्रमुख धार्मिक स्थलों शनि मंदिर और हनुमान मंदिर के बाहर जाकर वहां भीख मांगकर जीवन-यापन करने वाले लोगों से मुलाकात की,शिक्षकों ने उनसे कहा कि स्वच्छता सिर्फ दिखावे के लिए नहीं,बल्कि सेहत और सम्मान से जुड़ी जिम्मेदारी है,उन्होंने लोगों को सिखाया कि कचरा इधर-उधर न फेंकें,हाथ धोने की सही तकनीक अपनाएं,साफ-सफाई से रहकर बीमारियों से बचें,छोटे बच्चों को भीख मांगने की प्रवृत्ति से दूर रखकर शिक्षा की ओर प्रेरित करें,संकुल कन्या बिश्रामपुर के समन्वयक गौरी शंकर पाण्डेय ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़े की शुरुआत वर्ष 2016 में हुई थी,इस साल अभियान अपने दसवें वर्ष में प्रवेश कर चुका है।

### आई लव मोहम्मद पोस्टर विवाद पर सतपता में निकाला गया जुलूस




**बिश्रामपुर।** ईद मिलाद-उन-नबी के मौके पर लगाए गए आई लव मोहम्मद पोस्टरों और टेंट को लेकर कानपुर में शुरू हुआ विवाद अब बिश्रामपुर और सतपता तक पहुंच गया है। ज्ञात हो कि कानपुर में इस पोस्टर को लेकर हुए हंगामे के बाद पुलिस ने नौ नामजद और पंद्रह अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी, प्रशासन का कहना है कि आयोजकों को पहले पोस्टर और टेंट हटाने को कहा गया लेकिन आदेश का पालन न होने पर कानून-व्यवस्था बिगड़ने की आशंका को देखते हुए कार्रवाई करनी पड़ी। बताया गया कि कानपुर में हिंदू संगठनों ने इस पोस्टर को नई परंपरा की शुरुआत बताते हुए कड़ा विरोध जताया था,वहीं मुस्लिम संगठनों और स्थानीय लोगों ने इसे आस्था पर प्रहार करार दिया है,उनका कहना है कि आई लव मुहम्मद लिखना किसी भी तरह से आपत्तिजनक नहीं है, बल्कि यह धार्मिक प्रेम की अभिव्यक्ति है, ग्राम पंचायत सतपता में गौसिया कमेटी के नेतृत्व में युवाओं ने जुलूस निकालकर एफआईआर वापस लेने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि इस कार्रवाई ने समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है,सतपता पंचायत में गौसिया कमेटी ने जुलूस निकालते हुए कानपुर की घटना की कड़ी निंदा की है, उक्त प्रदर्शन में शामिल युवाओं ने कहा कि भारत का हर मुसलमान इस कार्रवाई का विरोध करता है, प्रदर्शनकारियों ने कहा कि एफआईआर वापस नहीं ली गई तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।

### फर्नीचर दुकान के तीसरे माले से घुसकर चोरों ने सामान किया पार

**बिश्रामपुर।** बीती रात अज्ञात चोरों ने शिवनंदनपुर मुख्य बाजार स्थित सांवरिया फर्नीचर दुकान के तीसरे माले का वेंटिलेशन तोड़ दुकान में प्रवेश कर कई सामान अपने साथ ले गये हैं।दुकान संचालक ने मामले की सूचना बिश्रामपुर पुलिस को लिखित में दी है।दुकान संचालक शुभम अग्रवाल ने बताया कि उनके प्रतिष्ठान के तीसरे माले के हिस्से के वेंटिलेशन के ग्रिल को तोड़कर अज्ञात चोरों ने दुकान में रखे कई सामान को अपने साथ ले गए हैं।चोरों द्वारा वेंटिसलेन को तोड़ने के लिए उपयोग में लाए गए सब्बल को मौके पर छोड़ दिया।रविवार को जब उन्होंने तीसरे माले के हिस्से को क्षतिग्रस्त देखा, तब उन्हें दूकान में चोरी हो जाने की भनक लगी जिसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी गई है।चोर दुकान से क्या और कितना सामान साथ ले गये हैं,इसके लिए दुकान के स्टॉक का मिलान किया जा रहा है।फिलहाल पुलिस हर दृष्टिकोण से मामले की जांच में लगी है।

## 38 करोड़ की लागत से बन रहा एकलव्य आवासीय विद्यालय

# स्कूल एवं छात्रावास भवन निर्माण में भारी अनियमितता, लोगों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

**खास बात**

- निम्न गुणवत्ता वाली सामग्री का उपयोग करने का आरोप

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत प्रतापपुर ब्लॉक में करोड़ रुपए की लागत से बन रहे शासकीय एकलव्य स्कूल एवं छात्रावास भवन निर्माण गुणवत्ता के विपरीत कार्य होने से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में घटिया ईंट, गिट्टी, सरिया और सीमेंट का उपयोग कर खुलेआम मानकों की अनदेखी की जा रही है। आवासीय विद्यालय आदिवासी बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रस्तावित है, लेकिन निर्माण की गुणवत्ता और प्रक्रियाओं में बरती जा रही अनियमितताओं ने अब इस परियोजना पर भी सवाल उठने लगे है।

नगर पंचायत क्षेत्र के सरनापारा में 38 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे एकलव्य आवासीय विद्यालय भवन का निर्माण अब विवादों में घिर गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरती जा रही है। लोक निर्माण विभाग द्वारा ठेकेदारी के माध्यम से तीन मंजिला स्कूल और छात्रावास भवन का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण के शुरुआत से ही मानकों की अनदेखी की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि नींव डालने से लेकर छत की ढलाई तक सहित हर चरण में निम्न गुणवत्ता वाली सामग्री का उपयोग हो रहा है। एकलव्य स्कूल एवं छात्रावास भवन निर्माण में ढलाई के लिए लोहे की प्लेट के स्थान पर लकड़ी की प्लाई का उपयोग किया गया जिससे निर्माण कमजोर हो रहा है। इसके अलावा अच्छी गुणवत्ता वाली ईंटों की जगह फ्लाई ऐश ईंटों का उपयोग किया जा रहा है जो निर्माण को कमजोर कर रहा है। भवन ट्राइबल विभाग के तहत 34 एकड़ भूमि पर बन रहा है। निर्माण का टेंडर दिल्ली से जारी हुआ है और इसकी निगरानी की जिम्मेदारी जिला कलेक्टर की है। ग्रामीणों का आरोप है कि कलेक्टर स्तर से किसी प्रकार की देखरेख नहीं हो रही। ऐसे में ठेकेदार द्वारा मनमानी तरीके से निर्माण किया जा रहा है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि करोड़ों की से निर्माण कराया जा रहा है कि निर्माण स्थल पर किसी भी प्रकार का शासकीय बोर्ड तक नहीं लगाया गया है। स्कूल और छात्रावास गरीब आदिवासी बच्चों के लिए बनाया जा रहा है, जहां उन्हें आवास और शिक्षा की सुविधा मिलेगी। लेकिन निम्न गुणवत्ता वाले निर्माण के कारण भवन कितने दिन टिक पाएगी इस पर भी सवाल उठने लगे है।


निर्णाधीन स्कूल व छात्रावास भवन।

### सरकार को हो रहा है नुकसान

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में उपयोग की जा रही रेत पास ही बहने वाली बांक नदी से अवैध रूप से निकाली जा रही है। इससे न सिर्फ पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि शासन को लाखों रुपये की राजस्व हानि भी उठानी पड़ रही है।

### सीमेंट की मात्रा काफी कम

निर्माण स्थल पर काम कर रहे मजदूरों ने ही गुणवत्ता की पोल खोल दी। मजदूरों का कहना है कि प्लास्टर कार्य में 30 तगाड़ी रेत में केवल एक बोरी सीमेंट मिलाकर काम किया जा रहा है। जोड़ाई भी बेहद घटिया स्तर की हो रही है। इससे साफ है कि न तो गुणवत्ता की परवाह की जा रही और न ही निर्माण मानकों का पालन। ग्रामीणों का कहना है कि घटिया सामग्री से भवन निर्माण होने से भवन लंबे समय तक टिकाऊ नहीं हो सकता।

### ग्रामीणों ने की जांच की मांग

क्षेत्र के ग्रामीणों ने छात्रावास व स्कूल भवन में बरती जा रही लापरवाही को लेकर प्रशासन से जांच की मांग की है। साथ ही जांच कर ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण प्रारंभ होने तथा घटिया सामग्री का उपयोग करने पर लगातार विरोध और शिकायत की गई लेकिन आज तक गुणवत्ता की जांच नहीं की गई। अब तक भवन की दूसरी मंजिल तक ढलाई हो चुकी है और प्लास्टर का काम तेजी से चल रहा है। ग्रामीणों ने मामले की जांच कर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है जांच नहीं किए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

### कराई जाएगी जांच

भवन निर्माण में अनियमितता बरती जा रही है तो संबंधित विभाग से जांच कराई जाएगी। जांच में गुणवत्ता नहीं पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही बालू से संबंधित दस्तावेज की जांच की जाएगी और अवैध खनन पर रोक लगाई जाएगी।

-ललिता भगत, एसडीएम प्रतापपुर



## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एक्सरे रूम की स्थिति अब तक बदहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- सूरजपुर एसडीएम के निर्देशों का बीएमओ ने नहीं किया पालन, जारी किये निर्देश की हुई अवहेलना
- सुशासन तिहार में ग्रामीणों की शिकायत पर सूरजपुर एसडीएम ने शासकीय अस्पताल के एक्स रे कक्ष का निरीक्षण कर नाराजगी जाहिर करते हुए मशीन शिफ्टिंग का दिया था निर्देश

शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतपता, बिश्रामपुर का एक्सरे कक्ष एवं पहुंचने का रास्ता,दोनों की स्थिति दयनीय है,अस्पताल में इलाज कराने आने वाले मरीजों और परिजनों को एक्सरे रूम तक पहुंचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है,एक्सरे रूम तक जाने वाले सकरे मार्ग पर गंदगी का अंबार होने से न केवल मरीजों को परेशानी हो रही है, बल्कि संक्रमण फैलने का खतरा भी बना हुआ है।

गौरतलब है कि सुशासन तिहार में जयनगर में ग्राम सतपता निवासी एक ग्रामीण ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बदहाल एक्स रे रूम की शिकायत की थी, इसके कुछ दिन बाद सूरजपुर एसडीएम शिवानी जायसवाल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया था,निरीक्षण के दौरान उन्होंने एक्सरे रूम की जर्जर स्थिति और गंदगी को गंभीरता से लेते हुए बीएमओ अमित भगत समेत अस्पताल प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि मशीन को तत्काल नए और बेहतर साफ कक्ष में शिफ्ट कराया जाए,ताकि मरीजों को राहत मिल सके।एसडीएम के निर्देशों के बावजूद अब तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है,एक्सरे मशीन अब भी पुरानी जर्जर जगह पर ही स्थित है और मरीजों को गंदगी से होकर सकरे रास्ते से गुजरने की मजबूरी झेलनी पड़ रही है,ऐसे में सूरजपुर एसडीएम के द्वारा जारी निर्देशों की स्पष्ट रूप से अवहेलना होती दिख रही है,लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य केंद्र में साफ-सफाई और बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी की जा रही है।इलाज कराने आए मरीजों और उनके परिजनों ने बताया कि गंदगी की वजह से कई मरीज तो एक्सरे कराने में ही कतराते हैं,परेशान लोगों व मरीजों ने स्वास्थ्य विभाग से तत्काल सुधार की मांग की है।

## दुर्गापूजा को लेकर प्रतापपुर थाने में शांति समिति की बैठक



**प्रतापपुर।** नवरात्रि दुर्गा पूजा के सफल आयोजन को लेकर थाना में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधि, आयोजन कर्ताओं ने लाइटिंग व्यवस्था और ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने, जगह-जगह पंडालों में पुलिस तैनाती की मांग की। दुर्गा पूजा के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर शांति समिति बैठक में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे तथा विभिन्न मुद्दों पर अपनी-अपनी बातें रखीं। आयोजन पूजा समिति के प्रतिनिधियों ने कहा कि दुर्गा पंडालों परिसर से लेकर दूर-दराज लोगों, बच्चों, महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था चौक चौराहों पर अच्छा हो ताकि शाम के समय पंडालों में उमड़ने वाली भीड़ में लोगों को परेशानी न हो। साथ ही सड़कों पर लगने वाले जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए पुलिस की तैनाती की मांग की गई। अधिकारियों ने कहा कि पंडालों में उचित व्यवस्था हो पंडाल में कटे फटे तार न हो, आग लगने या दुर्घटना जैसे स्थिति होने पर रेत व फायर प्रूफ यंत्र हो तथा समिति के लोग रात में पंडाल में तीन लोग सोए। बैठक में एसडीएम ललिता भगत, एसडीओपी अनूप एक्का, तहसीलदार चंद्रशिला जायसवाल, थाना प्रभारी अमित कौशिक, सतीश चौबे, राजेश गुप्ता, अरविंद जायसवाल, मानती सिंह, प्रियंकल तिवारी, सूरज रजक, कौशल दुबे, विजय नारायण कुशवाहा,धर्मेंद्र श्रीवास्तव, योगेंद्र सिंह व अन्य मौजूद रहे।

### दुर्गा पूजा और विजयादशमी को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

**बिश्रामपुर।** नगर में दुर्गा पूजा और विजयादशमी के पर्व को लेकर रविवार को बिश्रामपुर थाना प्रांगण में एसडीओपी अभिषेक पैकरा की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, बैठक में नगर के स्थानीय व्यापारी, जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे,बैठक का मुख्य एजेंडा आगामी दशहरा मेला की तैयारियों और पर्व के दौरान शांति एवं सौहार्द कायम रखने पर केंद्रित रहा,दशहरा मेला स्थल और मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई, गौरीशंकर मंदिर समिति ने मेले में लगने वाली दुकानों के किराया दर तय कर उचित शुल्क वसूलने पर सहमति जताई,जिससे व्यवस्था और पारदर्शिता बनी रहे,स्थानीय लोगों ने मुख्य मार्गों से गुजरने वाले भारी वाहनों की समस्या को भी गंभीरता से उठाया,लोगों का कहना था कि नगर के भटगांव मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही से राहगीरों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, इस पर एसडीओपी अभिषेक पैकरा ने आश्वस्त किया कि उच्चाधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे ताकि यातायात सुचारु और सुरक्षित रह सके,बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि दुर्गा पूजा और विजयादशमी के सभी आयोजन शांति और आपसी भाईचारे के माहौल में संपन्न होंगे।बैठक में कुलवंत सिंह, इंजी.विनय सिंह,महेश गुप्ता,बिश्रामपुर नगर पंचायत उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान, सुशील जैन, कृष्ण गोयल बल्लू, शीतीकांत स्वाई, गोपाल सिंह विद्रोही, अनुपम फिलिप, दिनेश कुमार गोयल, मलय नंदी,सतीश तिवारी, पार्षद संजीत यादव, रविशंकर बउवा, वेद प्रकाश मिश्र, राजेंद्र पासवान,कुंदन विश्वकर्मा, अरुण पांडेय, कन्हैया दुबे, सज्जाद खान, अहमद वाहिद और प्रदीप प्रजापति शामिल थे। वहीं पुलिस विभाग से बिश्रामपुर थाना प्रभारी टीआई प्रकाश राठौर, प्रधान आरक्षक जेपी तिवारी, दरश देवांगन सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## कोयला कर्मियों के बोनस पर सहमति, 27 तक होगा भुगतान

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल के कर्मचारियों के लिए त्यौहारों के मद्देनजर कंपनी प्रबंधन ने बोनस और वेतन भुगतान को लेकर सकारात्मक निर्णय लिया है,शुक्रवार को निदेशक एचआर की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित स्टीयरिंग कमेटी बैठक में कर्मचारियों की सुविधा और त्यौहारों के मद्देनजर अहम चर्चा की गई, इस संबंध में एटक के केंद्रीय अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा ने बताया कि बैठक में सभी क्षेत्रों के प्रमुख अधिकारी और प्रतिनिधि जुड़े और कर्मचारियों की राय के आधार पर वेतन व बोनस भुगतान की रूपरेखा तय की गई, उन्होंने बताया कि बैठक में कोल कर्मचारियों को सितंबर का वेतन 4 दिन एडवांस सहित 26-27 सितंबर तक भुगतान करने का प्रस्ताव रखा गया,22 सितंबर को होने वाली मानकीकरण बैठक में बोनस पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा, यदि 22 सितंबर को बोनस पर सहमति बन जाती है,तो कर्मचारियों को बोनस का भुगतान तुरंत कराया जाएगा,अगर उस दिन निर्णय नहीं हो पाता, तो सितंबर का वेतन एडवांस में देने पर कंपनी विचार करेगी,निदेशक एचआर ने यह भी स्पष्ट किया कि कर्मचारियों का सितंबर माह का नियमित वेतन अक्टूबर की 4-5 तारीख तक उनके खातों में पहुंच जाएगा। इस तरह दीपावली और छठ जैसे बड़े त्यौहारों से पहले कर्मचारियों को बोनस व वेतन दोनों मिलने से वे श्रद्धा, उल्लास और भाईचारे के साथ पर्व मना सकेंगे,लंबे समय से वेतन व बोनस भुगतान को लेकर चर्चाएं चल रही थीं। अब प्रबंधन द्वारा साफ तौर पर भुगतान की तिथि तय करने से कर्मचारियों की चिंताएं कम हुई हैं, त्यौहारों पर खर्च और पारिवारिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए यह कदम कर्मचारियों के लिए बड़ी राहत साबित होगा।

TOP IN SURGUJA

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
रायपुर के सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन
डॉ. सिद्धार्थ साहू
MBBS, MS GENERAL SURGERY (DNB NEUROSURGERY)
दिनांक - 21 सितम्बर 2025, रविवार
समय : सुबह 10 बजे से 3 बजे तक

सरगुजा मार्केट

मूत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
दिनांक 24 सितम्बर 2025 दिन - बुधवार
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
दिनांक - 28 सितम्बर 2025, दिन - रविवार
विद्या डायग्नोस्टिक
मो. - 7587722255

अमृत काढ़ा काजमी
मलेरिया एवं टाईफाईड अचूक औषधि
विजरा माल्ट
विजरा पावर
चिराग हर्बल घड़ी चौक, अम्बिकापुर
मो. 9826461355

ॐ जय माँ कंकाली
राजयोग- धनयोग, विवाह, संतान, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद, व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष संबंधी प्रश्नोत्तर
डॉ.जे.पी. दुबे (पुष्पेन्द्र)
नोट- स्वामी जी प्रत्येक दिन अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे!!
मो.9630231500, 9630995600
पता - कार्मेल स्कूल गेट नम्बर 4 वसुंधरा सनसिटी गेट के बाजू राजनिवास अपार्टमेंट अम्बिकापुर (छ.ग.)

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
डॉ.आशीश जायसवाल - जनरल फिजिशियन
डॉ.हेमन्त कुमार बी - शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ.सोनल गार्डिया - जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ.भावना गार्डिया - स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.जी.के.दामले - नाक कान गला रोग विशेषज्ञ
डॉ.नताशा शर्मा - स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.रोशन आरा - एम.डी.,आर.डी.(सोनोग्राफी) विशेषज्ञ
डॉ.हिमांशु गुप्ता - कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ.कमल नारायण गुप्ता - श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ
डॉ.अभिजीत भट्टाचार्य - जनरल फिजिशियन

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
दिनांक - 21 सितम्बर, 2025
डॉ.विकास अग्रवाल
दिनांक - 20 सितम्बर, 2025
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
25 साल से स्थायी
विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर - मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मो. 9753266386

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 22 सितम्बर 2025
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 स्कूल एवं छात्रावास भवन निर्माण में भारी अनियमितता, लोगों में आक्रोश



## खबर संक्षेप

### गरबा-डंडिया को लेकर पुलिस ने जारी किया निर्देश

**अंबिकापुर।** नवरात्रि के दौरान होने वाले डांडिया, रास गरबा को लेकर पुलिस विभाग द्वारा होटल, रिसोर्ट संचालकों की बैठक ली गई। एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर कोतवाली थाना प्रभारी मनीष सिंह परिहार ने बैठक के दौरान होटल संचालकों को निर्देश दिया है कि कार्यक्रम में लगने वाले साउंड सिस्टम का प्रयोग 80 से 120 डेसिबल से अधिक नहीं किया जाना है। इसके होटल-रिसोर्ट में नशे का उपयोग नहीं किया जाएगा। कार्यक्रम में आने वाले लोगों की एल्कोमीटर से जांच की जाएगी इसके साथ ही संचालक और आयोजक होटल व रिसोर्ट के बाहर ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखेंगे। कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की अश्लीलता का प्रदर्शन नहीं किया जाएगा और कार्यक्रम के लिए प्रशासन से अनुमति लेना अनिवार्य होगा।

### जीएसटी टीडीएस कटौती के संबंध में कार्यशाला 24 को

**बलरामपुर।** ई-कोष के अंतर्गत जीएसटी से संबंधित देयकों को तैयार करने पर जीएसटी टीडीएस की राशि को डीडीओ के चालू खाते में अंतरण किया जाता है। इसके बाद आहरण एवं संवितरण अधिकारियों द्वारा चालू खाते से राशि का आहरण कर चालान के माध्यम से जीएसटी पोर्टल में जमा किया जाता है। छत्तीसगढ़ वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम 2017 की धारा 51 के अन्तर्गत समस्त पंजीयन शासकीय विभागों को वस्तु/सेवा के क्रय उपरान्त वेंडर्स को भुगतान के समय स्त्रोत पर कर की कटौती (जीएसटी टीडीएस डिडक्टर्स) की जानी है। उक्त संबंध में 24 सितम्बर को दोपहर 2 बजे से संयुक्त जिला कार्यालय के सभा कक्ष में कार्यशाला का आयोजित की गई है। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को निर्देशित किया है कि स्वयं तथा कार्यालय में पदस्थ लेखापाल के साथ कार्यशाला में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### तीसरे दिन चौपता रेड नदी में मिला युवक का शव

**बिहारपुर।** पैदल नदी पार करने के दौरान शुक्रवार को नदी के तेज भाव में बहे ग्राम खैरा सुई बहरा निवासी गोपाल सिंह आ. राम सिंह का शव रविवार को 14 किमी दूर ग्राम चौपता स्थित रेड नदी में मिला है। युवक शुक्रवार की शाम 5 बजे पैदल नदी पार कर अपने घर जा रहा था। इसी दौरान अचानक नदी में बाढ़ आ गई तथा युवक बह गया। परिजन घटना के बाद लगातार युवक को तलाश रहे थे लेकिन उसका सुराग नहीं मिला था। रविवार को पुलिस की मौजूदगी में 14 किमी दूर ग्राम चौपता स्थित रेड नदी किनारे ग्रामीणों, मछुआरो एवं गोताखोरों के सहयोग से तलाशी अभियान चलाया गया तो युवक का शव झाड़ियों में फंसा मिला। पीएम पंचनामा के बाद पुलिस ने शव परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### गाज की चपेट में आने से दो बैलों की मौत

**बिहारपुर।** विकासखंड ओड़गी अंतर्गत दूरस्थ ग्राम उमझर में गाज की चपेट में आने से दो बैलों की मौत हो गई। ग्राम उमझर निवासी गोकुल सिंह ने रोज की तरह अपने बैलों को चरने के लिए खोला था। बैल घर के पास ही खेत में चर रहे थे। इस दौरान शाम 4 बजे अचानक गरज चमक होने लगी तथा गाज गिरी। गाज की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही दोनों बैलों की मौत हो गई। बैलों मौत होने से गोकुल सिंह सिंह को भारी नुकसान हुआ है तथा कृषि कार्य प्रभावित हो गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ति को आर्थिक मदद देने की गुहार लगाई है।

### बीमारी से से परेशान होकर महिला ने पी ली जहर, मौत

**अम्बिकापुर।** बिहारपुर निवासी खमरिहान पति परशु राम (50 वर्ष) लंबे समय से बीपी बीमारी से पीड़ित थी। बीमारी से परेशान होकर 16 सितंबर को कीटनाशक पी परिजन दूसरे दिन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित

# देवी मंदिरों में जगमगाएंगे आज आस्था के अखंड दीप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

देवी की आराधना का पर्व शारदीय नवरात्र सोमवार से प्रारंभ होगा। मंदिर समितियों एवं दुर्गा पूजा समितियों द्वारा नवरात्रि की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सोमवार को देवी मंदिरों एवं पंडालों के साथ ही घर-घर में कलश स्थापित कर नवदुर्गा की अराधना प्रारंभ की जाएगी। प्रथम दिवस मंदिरों में शुभ मुहूर्त में विधि विधान के साथ मनोकामना ज्योति प्रज्वलित किए जाएंगे।

**खास बात**
- वाहनों की अलग अलग पार्किंग व्यवस्था

नवरात्रि में देवी की उपासना की तैयारियों को युद्ध स्तर पर अंतिम रूप दिया जा रहा है। देवी मंदिरों में दीप कक्ष की साफ-सफाई एवं रंग रोगन कराने के उपरान्त रविवार को सेवादार पूरे दिन मनोकामना ज्योति कलशों की नम्बरिंग करने के साथ ही दीपों में घी-तेल भरने एवं बत्ती लगाने में व्यस्त रहे हालांकि रविवार को भी श्रद्धालु अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना से अखंड दीप प्रज्वलित कराने पर्ची कटाते नजर आए। मंदिर समिति द्वारा सभी श्रद्धालुओं की अखंड दीप की सारी तैयारियां देर रात तक पूरी करने की योजना है। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार महामाया मंदिर में अखंड दीप प्रज्वलित कराने वाले श्रद्धालुओं में काफी वृद्धि हुई है। महामाया मंदिर के मुख्य पुजारी जय शंकर पाण्डेय उर्फ रामू महाराज ने बताया कि महामाया मंदिर में धृत के 2000 एवं तेल के 4000 अखंड मनोकामना दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। पिछले वर्ष की तुलना में श्रद्धालुओं द्वारा घृत के 100 एवं तेल के 500 से अधिक अखंड दीप प्रज्वलित कराए जा रहे है। अखंड मनोकामना दीप प्रज्वलित कराने वाले श्रद्धालुओं में पांच प्रवासी भारतीय भी शामिल है जिन्होंने विदेश से ऑनलाइन भुगतान किया है। ऐसे श्रद्धालुओं में अमेरिका के 2 एवं ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर एवं मलेशिया के तीन श्रद्धालु शामिल है। अमेरिका में निवासरत दिया पटेल एवं मलेशिया की नीतू तिवारी अन्य प्रवासी भारतीयों की तरह हर साल अपने नाम अखंड दीप प्रज्वलित कराती है। इसी तरह दुर्गा मंदिर, वन देवी मंदिर, संत हरकेवल मंदिर, गायत्री मंदिर, सर्वेश्वरी समूह मंदिर, विभिन्न काली मंदिरों सहित अन्य मंदिरों में अखंड मनोकामना दीप प्रज्वलित किए जाएंगे।



महामाया मंदिर।

### भीड़ को नियंत्रित करने बदले गए मार्ग

नवरात्रि में देवी महामाया का दर्शन करने दूर-दूर के श्रद्धालु पहुंचते है तथा सुबह 3 बजे ही मंदिर में श्रधालुओं का पहुंचना शुरू हो जाता है। श्रधालुओं एवं बड़ी संख्या में पहुंचने वाले वाले वाहनों को नियंत्रित करने के उद्देश्य से पुलिस ने यातायात व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया है। नवरात्रि में लरंग साय चौक से भारत माता चौक तक सुबह 5 बजे से दोपहर 12 बजे तक, शाम 4 बजे से रात के 9 बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। भारी वाहनों की परिवर्तित मार्ग से सफर करेंगे। इस दौरान चार पहिया एवं ऑटो चांदनी चौक-घुटरापारा होते हुए महामाया मंदिर पहुंचेंगे। इन वाहनों की पार्किंग व्यवस्था मंदिर के सामने मैदान में की गई है। दो पहिया वाहन इंद्र वाटिका के सामने मैदान में खड़ी की जाएगी। असामाजिक तत्वों से सुरक्षा के लिए महामाया मंदिर में सुबह से लेकर देर रात तक पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। शहर के अन्य मंदिरों एवं पंडालों में भी पुलिस बल को तैनात किया गया है।

### की गई छाया की व्यवस्था

देवी महामाया के दर्शन के लिए पूरे दिन श्रद्धालुओं की लम्बी कतार लगी रहती है। श्रद्धालुओं को धूप में परेशानी न हो इसलिए मंदिर प्रबंधन द्वारा मुख्य द्वार से मंदिर तक छाया की व्यवस्था की गई है। मुख्य पुजारी रामू महाराज ने बताया कि सुबह 4 बजे मंदिर का पट खोला जाएगा तथा सुबह 5.30 बजे एवं शाम 7.30 बजे देवी की आरती की जाएगी। अष्टमी तिथि को राजपरिवार के सदस्य परम्परानुसार संधि पूजा करते है। इस दौरान आम श्रद्धालुओं को दर्शन बाधित रहेगा।

# मकान से बरामद की गई 8.60 लाख की विद्युत सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर जिले में विद्युत विभाग में एक बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। जिले में अवैध रूप से लाए गए ट्रांसफार्मर, एलटी लाइन केबल व अन्य विद्युत सामग्रियों से लोगों को विद्युत कनेक्शन का कार्य करने की बात सामने आई है। इस बात का खुलासा खुद विद्युत विभाग के अधिकारियों ने किया है। इस गिरोह का संचालन यूपी का एक व्यक्ति कर रहा था जिसके ठिकाने से 8.60 हजार रुपए की विद्युत लाइन विस्तार सामग्री बरामद की है। इस मामले में विद्युत विभाग के ईई ने चांदो थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस द्वारा इस मामले में अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है लेकिन इस कार्रवाई ने कई सवाल खड़े कर दिए है।

- यूपी का व्यक्ति गांव में ठेकेदार से पैसे लेकर कर रहा था विद्युत विस्तार का काम, अपराध दर्ज

दरअसल विद्युत विभाग को सूचना मिली थी कि चांदो के नवाडीह क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा लोगों से पैसे लेकर विद्युत लाइन विस्तार का काम किया जा रहा है और बड़े पैमाने पर विद्युत विस्तार सामग्री का भंडारण किया गया है। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद सीएसईबी के ईई प्रकास कुमार अग्रवाल और विभाग की टीम ने चांदो नवाडीह कला निवासी विभा गुप्ता पति नरेश गुप्ता के मकान में दबिश दी। इस दौरान मकान में सीएसईबी के विद्युत विस्तार सामग्री का जखीरा देखकर अधिकारियों के भी होश उड़ गए। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि उक्त सामग्री विभा गुप्ता के दामाद यूपी के दुद्धी निवासी मनोज गुप्ता आ. शिव शंकर प्रसाद गुप्ता द्वार अवैध रूप से भंडारित किया गया था। जब ईई ने मनोज गुप्ता से पूछताछ की तो उसने अधिकारियों को कह दिया कि वह ठेकेदार के साथ काम करता है लेकिन अधिकारियों के अनुसार मनोज गुप्ता के पास ना ही कोई लाइसेंस है और ना ही मौजूद सामग्रियों का कोई दस्तावेज था। ऐसे में सभी सामग्रियों को जब्त किया गया है। इसके साथ ही सीएसईबी के ईई प्रकाश अग्रवाल द्वारा मामले की शिकायत चांदो थाने में की गई थी जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में आरोपी मनोज गुप्ता के खिलाफ भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 136, 137 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।





### बरामद की गई ये सामग्री

बताया जा रहा है कि प्रारंभिक जांच में विभा गुप्ता के मकान से अधिकारियों को एलटी सर्विस डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स 56 नग, 11/0.4 केवीए ट्रांसफार्मर 1 नग, एलटीएबी केबल 200 मीटर, एलटी डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स एंगल 58 नग, फिक्सिंग एंगल क्लैंप 118 नग, एलटी सर्विस रिंग 26 नग, एलटी पोल क्लैम्प आई हुक 303 नग, 63 केवीए डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स 20 नग सहित 8.60 लाख रुपए के अन्य सामान बरामद किए गए है।

### ठेकेदारों को सप्लाई कर रहा था सामान

अधिकारियों का कहना है कि मनोज गुप्ता वर्षों से क्षेत्र में अवैध रूप से विद्युत विस्तार सामग्री की सप्लाई विद्युत ठेकेदारों को कर रहा था। मनोज गुप्ता ने 25 हजार रुपए से 1 लाख रुपए देकर ट्रान्सफार्मर तक लगा दिया। लाइन खींचने भी मनोज कुमार करता था और इसके लिए क्षेत्र के ठेकेदार उससे सम्पर्क करते थे। मनोज कुमार सस्ते में काम करके देता था और ठेकेदार विद्युत विभाग में उसे अपना काम बताकर लाखों रुपए का बिल आहरित करते थे। यह खेल वर्षों से चल रहा है लेकिन बड़ा सवाल यही है कि मनोज गुप्ता इतनी बड़ी मात्रा में विद्युत विस्तार की सामग्री कहां से लाता था और अब तक उसने किस किस ठेकेदार के साथ काम किया क्यों कि इस साझेदारी से विभाग को करोड़ो रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

### चल रही है जांच

लम्बे समय से हमें शिकायत मिल रही थी जिसके बाद दबिश दी गई। मकान से भारी मात्रा में विद्युत विस्तार की सामग्री बरामद की गई है। मनोज गुप्ता के पास ना ही कोई लाइसेंस है और ना ही सामग्रियों का कोई वैध दस्तावेज। उसने सामान कहां से लाया अब तक नहीं बताया है। वह लम्बे समय से काम कर रहा था। पुलिस अपराध दर्ज कर जांच कर रही है।

-प्रकाश कुमार अग्रवाल
ईई, सीएसईबी बलरामपुर

# सज गए पंडाल, आज से नवरात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

नगर में शारदीय नवरात्र व दुर्गा पूजा को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। समितियों द्वारा भव्य रूप पंडाल का निर्माण कराया गया है जबकि मंदिरों में भी साज सज्जा की गई है। शारदीय नवरात्र को लेकर लम्बे समय से तैयारियां की जा रही थी। विभिन्न पूजन समितियों द्वारा पंडाल का निर्माण करने के साथ ही शक्ति पीठों में साफ सफाई और रंग रोगन का काम चल रहा था।

सोमवार शुभ मुहूर्त में घट स्थापना के साथ देवी मां दुर्गा की पूजा शुरू होगी और श्रद्धालुगण नौ दिन तक आदि शक्ति की आराधना में ली रहेंगे। शारदीय नवरात्र में दर्जनभर दे अधिक पूजा पंडालों में विधि-विधान से माता की प्रतिमाएं स्थापित होगी। सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति गांधी चौक राजपुर के अध्यक्ष सुरेश सोनी ने बताया कि पिछले 58 वर्षों से ग्रामीण व नगर के लोगों के सहयोग से लगातार मां दुर्गा का पूजा अर्चना की जा रही है। समिति के संजय सिंह, उपेंद्र गुप्ता, संजय गुप्ता, मनोज अग्रवाल, विश्वास गुप्ता, राहुल गुप्ता, पंकज गुप्ता, राजा सिंह, बबलु पाण्डेय, सामंत त्रिपाठी, अनिल अग्रवाल, कल्टी, आयुष जायसवाल, हर्ष अग्रवाल, मंत्र अग्रवाल, अविन्व गुप्ता, समर्थ गुप्ता, सत्यम गुप्ता, प्रमोद ठाकुर,विकास अम्बष्ट द्वारा तैयारियां की जा रही है। इसके साथ ही नगर के नवदुर्गा पूजन समिति के अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने बताया कि समिति द्वारा 3 वर्ष से पूजा रचना की जा रही है। इस समिति में रजत केसरी, अभिषेक तिवारी, आदित्य विभु जायसवाल, आदि सक्रिय हैं। इस समिति इसके अलावा ग्राम बरियो दुर्गा पंडाल में भव्य तरीके से दुर्गा माता की प्रतिमाएं स्थापित कर विधि विधान से पूजा की जाती है यहां पंडाल का भी तैयारी भव्य तरीके से की जा रही है।



# अंतर जिला मोबाइल चोर गिरोह के 7 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

साप्ताहिक बाजार से मोबाइल चोरी करने के मामले में पुलिस को न सिर्फ बड़ी सफलता हाथ लगी बल्कि मोबाइल चोरी करने वाले बसोर चोर गिरोह के सात लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध चोरी का मामला दर्ज किया है।

- चोरी का मोबाईल व चाकू जब्त, थाना प्रतापपुर पुलिस की कार्रवाई

साप्ताहिक बाजार में मोबाईल चोरी की घटना सामने आने पर एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने तत्काल कार्रवाई करने के साथ चोरी करने वाले लोगों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। जिए पर पुलिस टीम द्वारा विवेचना के दौरान तकनीकी मदद एवं मुखबीर की सूचना पर डकईपारा पटना के व्यक्तियों द्वारा घटना को अंजाम देने की सूचना पर थाना पटना के पुलिस टीम ने घेराबंदी कर संदेही सोनू बसोर को पकड़ा। पूछताछ पर उसने अपने साथी मनोज कुमार, राम सिंह, सोनू, राजू बसोर, मुकेश उर्फ संदीप, जुगनू प्रसाद उर्फ सोनू एवं सोनू कुमार के साथ मिलकर साप्ताहिक बाजार से मोबाईल चोरी की करने की बात बताई जिस पर पुलिस न सभी को पकड़ा। आरोपियों के निशानदेही पर 60 हजार कीमत के 5 नग मोबाईल,1 बटन स्प्रिंग चाकू, घटना में प्रयुक्त 2 मोटर सायकल जब्त किया। पुलिस ने सभी के विरूद्ध धारा 303(2) व आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत अपराध दर्ज किया है।

कार्रवाई में थाना प्रभारी अमित कौशिक, एएसआई बजरंगी लाल चौहान, हरिशंकर तिवारी, प्रधान आरक्षक आनंद प्रकाश एक्का, इन्द्रपाल सिंह, आरक्षक सत्यनारायण सिंह, राजेश तिवारी व प्रकाश साहू सक्रिय रहे।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।




5149वीं
जयंती
वर्ष 2025
जय अग्रसेन
श्री अग्रसेन जयंती
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
श्री संजय मित्तल
अध्यक्ष - श्री अग्रवाल सभा
श्री शुभम अग्रवाल
उपाध्यक्ष - श्री अग्रवाल सभा
संभागीय अग्रवाल महासभा
श्री मनोज अग्रवाल
उपाध्यक्ष - श्री अग्रवाल सभा
श्री घनश्याम गर्ग (राहुल ट्रेडर्स)
श्री पवन अग्रवाल
श्री सुभाष अग्रवाल
श्री सुशील अग्रवाल
श्री जनम अग्रवाल
श्री विनोद अग्रवाल (काकु)
श्री विजय बंसल (बिज्जु)
श्री हेमन्त अग्रवाल
श्री अमरजीत अग्रवाल (टिटु)
श्री दिनेश अग्रवाल
श्री सचिन अग्रवाल
श्री मुकेश मित्तल
श्री आशीष तायल
श्री रूपेश अग्रवाल (अमन कोल्ड)
श्री चंचल अग्रवाल
सी.ए. श्री आशीष गर्ग
सी.ए. श्री विशाल अग्रवाल
श्री सचिन अग्रवाल
श्री रवि गर्ग
श्री जय प्रकाश गर्ग
श्री निशांत अग्रवाल
श्री सुमित मित्तल
श्री गोकुल गर्ग
श्रीमती सीमा अग्रवाल
(अध्यक्ष - महिला सभा)
श्रीमती संगीता अग्रवाल
श्रीमती सरला गर्ग
श्रीमती शिखा अग्रवाल
(अध्यक्ष - युवती मंच)
श्रीमती साक्षा गोयल
श्रीमती वैशाली गोयल
श्रीमती वैष्णवी अग्रवाल
श्री यश गर्ग
(अध्यक्ष - युवा मंच)
श्री अतुल बंसल
श्री वैभव अग्रवाल
श्री तनीष गर्ग
श्री अंश केडिया
श्री राहुल अग्रवाल
श्री निखिल गोयल
श्री दीप अग्रवाल
श्री शिवम गर्ग
श्री आयुष अग्रवाल
श्री साहिल मित्तल
श्री वरूण अग्रवाल
श्री हर्ष गोयल
श्री आदित्य अग्रवाल
श्री यश मित्तल
विनीत - श्री अग्रवाल सभा, श्री अग्रवाल महिला सभा, श्री अग्रवाल युवती मंच एवं श्री अग्रवाल युवा मंच

# भक्ति और उत्साह के साथ लाई गई माँ दुर्गा की प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अनोखी सोच द्वारा माँ दुर्गा पुजा का आयोजन मणिपुर दर्रीपारा में किया जाना है । आज माँ दुर्गा की प्रतिमा लेने हेतु भक्तिमय माहौल में बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी माँ दुर्गा के जयकारों के साथ शहर के मुख्य चौराहे से निकले। इस वर्ष माँ दुर्गा की प्रतिमा लेने जाने में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। भक्तिमय माहौल में माँ दुर्गा की प्रतिमा को लाकर विराजा गया। विदित है प्रतिवर्ष माँ दुर्गा पूजा का आयोजन किया जाता है। प्रति दिन भंडारे के साथ विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाता है।

- प्रतिदिन भण्डार के साथ होगे विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम


प्रतिमा लाने रैली में शामिल युवती व महिलाएं।

## दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन, दो पंडालों में दिखेगा भक्ति और शक्ति का संगम




**रामानुजनगर।** रामानुजनगर में इस वर्ष दुर्गा पूजा विशेष आकर्षण का केंद्र बनाने की तैयारी की जा रही है। सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति द्वारा भव्य पंडाल निर्माण किया गया है, जिसमें माँ दुर्गा की आकर्षक प्रतिमाएं विराजमान होंगी। पूजा पंडालों में भक्ति, शक्ति और सांस्कृतिक आयोजनों का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। दो पंडालों में तैयारियां जोरों पर हैं। एक पंडाल बस स्टैंड के सामने तो दूसरा शिव मंदिर के सामने स्थापित किया गया है। एक पंडाल में गुजरात की तर्ज पर गरबा नृत्य का आयोजन किया जा रहा है। वहीं दूसरे पंडाल में भोजपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिससे यूपी और बिहार की सांस्कृतिक झलक देखने को मिलेगी। सोमवार को धूमधाम से कलश यात्रा निकाली जाएगी जो पूरे नगर में भ्रमण करते हुए बाजे-गाजे और नगाड़ों के साथ माँ दुर्गा की पूजा का शुभारंभ करेगी। साथ ही हर साल की भांति इस बार भी रावण का पुतला भव्य रूप में तैयार किया जा रहा है, जो विजयदशमी के अवसर पर रावण दहन किया जाएगा।













SINCE 1980
श्री जगदम्बा आभूषण भण्डार
गोल्ड, सिल्वर एवं डायमंड ज्वेलर्स
या देवी सर्वभूतेषु शक्ति-रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥
आप सभी को शक्ति उपासना के महापर्व
नवरात्र
की हार्दिक शुभकामनाएं
शुभ लाभ
चांदी के HUID हॉलमार्क सिक्के उपलब्ध
ENJOY PREMIUM SHOPPING EXPERIENCE
WITH BEAUTIFUL RANGE & BEST SERVICES
उच्च गुणवत्ता वाले हॉलमार्क सोने के जेवर उपलब्ध | चांदी के हॉलमार्क जेवर उपलब्ध | नवरत्न एवं उपरत्नों का विशाल संग्रह
हॉलमार्क है तो सोना है
हॉलमार्क आभूषण पर ये निशान अवश्य देखें
BIS का प्रतिक चिन्ह
सोने की गुणवत्ता
6 अंक अक्षरांकीय HUID कोड
BIS RULES
22K 916
18K 750
Today's Gold Rate
22K 91.60% - ₹ 1,01,800
20K 83.30% - ₹ 92,100
18K 75.00% - ₹ 83,000
HUID HALLMARK GOLD JEWELLERY Per 10 Gram
Today's Silver Rate
80% Hallmark Silver - ₹ 1060
Per 10 Gram
कैरेटमीटर द्वारा हॉलमार्क सोने के शुद्धता व गुणवत्ता के सम्पूर्ण जांच की मुफ्त सुविधा उपलब्ध
पता – सदर रोड, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.) 94077 13148


ROYAL ENFIELD
ROYALENFIELD.COM
अग्रवंश शिरोमणि महाराजा श्री अग्रसेन जयंती एवं नवरात्रि की शुभकामनाएं...
GST 2.0
22,000/- तक
का डिस्काउंट
सीमित स्टॉक
ROYAL ENFIELD
MADE LIKE A GUN
TRADE MARK
350cc OF PURE MOTORCYCLING.
EMI की शुरूआत ₹1,888 प्रति लाख से।*
*T&C Apply.
तन्मय मोटर्स
भारत माता चौक, रिंग रोड, अम्बिकापुर
मो.- 8839213489, 8839543464


पधारें जैनसंस ट्रैक्टर्स अंबिकापुर
ज़िंदगी का बेस्ट डिसिज़न!
JOHN DEERE
इस त्यौहार उपहार के साथ भारत सरकार की सौगात
7% GST की छूट
से आपका अपना जॉन डियर हुआ और भी सस्ता
उठाए इसका फायदा इस त्यौहार !!
जॉन डियर का वादा
5 साल की वारंटी*
सभी ट्रैक्टरों पर
नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएँ
* नियम व शर्तें लागू
जैनसंस ट्रैक्टर्स
रिंग रोड, नमनाकला, नियर महामाया पेट्रोल पम्प, अम्बिकापुर (छ.ग.)
मो.- 9300187871
ब्रांच - बैकुंठपुर, लखनपुर, बतौली, दरिमा, बगीचा, मो.- 8305888008


श्री श्री 1008 श्री
महाराजा अग्रसेन जी
की जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं...
जिनके हृदय में दूसरे का हित बसता है, उनके लिए जगत में कुछ भी दुर्लभ नहीं है
जो अपने जैसा दूसरों को भी सुखी देखने की कामना रखते है
उनके पास रहने से विद्या प्राप्त होती है और अज्ञानता का अंधकार दूर होता है।
शारदीय नवरात्र
की हार्दिक शुभकामनाएं...
Sanjay Mittal
Presedent - Agrawal sabha, Ambikapur
Smt. Durga Sanjay Mittal
• HIND UNITRADE PVT LTD, AMBIKAPUR
• SHRI HANUMAN COAL PVT LTD, AMBIKAPUR
• PAWANJAY SPONGE IRON LTD, ROURKELA
• GOVINDAM PROJECTS PVT LTD, ROURKELA
• BARBARIK ALLOYS & POWER PVT LTD, AMBIKAPUR
• BHATIA ENERGY AND MINERALS (SUNDARGARH) PVT LTD